# नगर परिषद बिलासपुर, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का अंकेक्षण एवम निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 4/11 से 3/13

## भाग–I

**1 प्रारम्भिकः–**

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 255 (1) में संशोधन होने व प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या 1–376/81–फिन(एल0ए0)–खण्ड–IV दिनांक 16.10.2008 द्वारा नगर परिषदों तथा नगर पंचायतों के लेखाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश को सौंपे जाने के दृष्टिगत नगर परिषद बिलासपुर, जिला बिलासपुर के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य किया गया।

नगर परिषद बिलासपुर के अंकेक्षण अवधि 4/11 से 3/13 तक निम्नलिखित प्रधान तथा कार्यकारी अधिकारी रहे हैः–

**(1) प्रधानः–**

| क्र0सं0 | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रजनी शर्मा | 4/11 से 3/13 |

**(2) कार्यकारी अधिकारी :–**

| क्र0सं0 | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री प्रकाश चन्द शर्मा | 4/11 से 3/13 |

**1.1 नगर परिषद बिलासपुर, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के अवधि 1.4.11 से 31.3.2013 तक के अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन में पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः–**

| क्र0सं0 | गम्भीर अनियमितता का सार | पैरा सं0 | राशि ₹ लाख |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुदान राशि का अनियमित व्यय | 5.1 | 6.08 |
| 2 | अनुदान राशि प्राप्ति होने के पश्चात भी निर्माण कार्यों को शुरू न करना | 5.2 | 14.89 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | किराये व देय ब्याज की वसूली न करना | 6 | 65.76 |
| 4 | शेष किराया, ब्याज की वसूली न होने के कारण दुकानों की खाली करने हेतु कोर्ट में लम्बित मामले | 6.1 | 53.59 |
| 5 | दुकानों के किराये की वसूली न करना | 6.2 | 7.81 |
| 6 | विश्राम गृह, रैहन बसेरा के किराये की वसूली न करना | 7 | 2.47 |
| 7 | पालिका बाजार के निर्माण हेतु अग्रिम जमा राशि में से अनुपयुक्त राशि हिमुडा कार्यालय से वसूली न करना | 8 | 6.89 |
| 8 | नगर परिषद द्वारा हिमुडा कार्यालय में पार्किंग के निर्माण हेतु जमा राशि के बावजूद निर्माण कार्य आरम्भ न करने बारे | 8 (क) | 1.16 (करोड़) |
| 9 | मोबाईल टावरों की स्थापना एवं नवीनीकरण फीस की वसूली न करना | 17 | 3.00 |

### 1.2 गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः—

गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर की गई कार्यवाही का अवलोकन करने के उपरान्त नवीनतम स्थिति इस अंकेक्षण के परिशिष्ट **(i)** में दर्शाई गई है। प्रायः यह देखने में आया है कि गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर परिषद द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है जोकि अत्यन्त चिन्ताजनक है। अतः परिषद इन लम्बित पैरों के निपटारे हेतु विशेष अभियान/कार्यवाही सुनिश्चित करें व अनुपालना से यथा समय इस विभाग को अवगत करें ताकि अधिक से अधिक पैरों का निस्तारण सम्भव हो सके।

## भाग—II

### 2 वर्तमान अंकेक्षणः—

नगर पंरिषद बिलासपुर, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं अवधि 1.4.11 से 31.3.13 तक का अंकेक्षण कार्य श्री तारा चन्द महन्त, (सहायक नियन्त्रक लेखा परीक्षा) व श्री पुनीत कुमार (आर्टिकल सहायक) द्वारा बिलासपुर में दिनांक 20.01.2014 से 20.03.2014 तक किया गया।

विस्तृत जांच हेतु 2011—12 में आय के लिये माह 8/11 तथा व्यय के लिये भी माह 3/12 तथा वर्ष 2012—13 में आय के लिये माह 4/12 तथा व्यय के लिये माह 12/12 के लेखाओं का चयन किया गया है जिसके परिणामों को आगामी पैरों में दर्शाया गया है।

नगर परिषद बिलासपुर के लेखाओं के अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण कार्यकारी अधिकारी द्वारा प्रेषित सूचनाओं के आधार पर किया गया है। किसी प्रकार की अधूरी

व छुपाई गई सूचनाओं के लिये लेखा परीक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा क्योंकि अंकेक्षण का उत्तरदायित्व केवल विस्तृत जाँच हेतु चयनित मासों तक ही सीमित होगा।

## 3 अंकेक्षण शुल्कः–

नगर परिषद बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं अवधि 1.4.11 से 31.3.2013 तक के लेखा परीक्षा का शुल्क का आंकलन ₹43700/–(तरतालीस हजार सात सौ केवल) किया गया है। कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद बिलासपुर को सहायक नियन्त्रक (लेखा परीक्षा) की अधियाचना संख्या स0नि0 आडिट–फिन(एल0ए0डी0)–331 दिनांक 20.03.2014 द्वारा अंकेक्षण शुल्क की राशि को बैंक ड्राफ्ट द्वारा निदेशक स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग शिमला–171009 को भेजने का आग्रह किया गया है।

## 4 वित्तीय स्थितिः–

नगर परिषद बिलासपुर, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं अवधि 1.4.11 से 31.3.2013 की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से रही, जिसका बैंक खातों में शेष राशि सहित विस्तारपूर्वक विवरण परिशिष्ट (II) पर भी दिया गया है।

**(I) मुख्य रोंकड़ बही**

| | **विवरण** | **वर्ष 2011–2012** | **राशि (₹)** |
|---|---|---|---|
| i | दिनांक 1.4.2011 को रोकड़ बही के अनुसार प्रारम्भिक शेष | | 9002624 |
| ii | वर्ष 2011–12 में अर्जित ब्याज राशि | | 347816 |
| iii | वर्ष 2011–12 में प्राप्त अनुदान राशि | | 31299369 |
| iv | वर्ष 2011–12 में प्राप्त स्वयं स्त्रोतों से आय | | 03482227 |
| V | वर्ष 2011–12 में कुल प्राप्त राशि | | 44132036 |
| Vi | वर्ष 2011–12 में भुगतान की गई राशि | | 38227656 |
| vii | दिनांक 31.3.12 को अन्तशेष राशि | | 05904380 |
| | **विवरण** | **वर्ष 2012–2013** | **राशि (₹)** |
| i | दिनांक 1.4.2012 को रोकड़ बही के अनुसार प्रारम्भिक शेष | | 5904380 |

| | | |
|---|---|---|
| ii | वर्ष 2012–13 में अर्जित ब्याज राशि | 0509447 |
| iii | वर्ष 2012–13 में प्राप्त अनुदान राशि | 45342757 |
| iv | वर्ष 2012–13 में प्राप्त स्वयं स्त्रोतों से आय | 03909462 |
| V | वर्ष 2012–13 में परिषद को प्राप्त कुल राशि | 55666046 |
| Vi | वर्ष 2012–13 में भुगतान की गई राशि | 49376636 |
| vii | दिनांक 31.3.13 को अन्तशेष राशि | 06289410 |

दिनांक 31.3.2013 को नगर परिषद बिलासपुर के विभिन्न बैंक खातों में कुल जमा राशियों का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| **क्र0सं0** | **खाता सं0** | **बैंक का नाम** | **राशि (₹)** |
|---|---|---|---|
| 1 | 5566 | राज्य सहकारी बैंक बिलासपुर | 2093163.60 |
| 2 | 12388 | –यथोपरि– | 4071642.50 |
| 3 | 923 | भारतीय स्टेट बैंक बिलासपुर | 89321.00 |
| 4 | 12197 | –यथोपरि– | 35283.00 |
| | | **कुल योग राशि (₹)** | **6289410.10** |

**4.2 (तेरहवाँ राज्य वित्त आयोग रोकड़ बही):–** नगर परिषद बिलासपुर के तेरहवाँ राज्य वित्त आयोग की वित्तीय स्थिति का विवरण प्रतिवेदन के परिशिष्ट (III) में दिया गया है।

| **वर्ष** | **प्रारम्भिक शेष** | **वर्ष में प्राप्त ब्याज (₹)** | **वर्ष में प्राप्त अनुदान राशि (₹)** | **कुल जमा राशि (₹)** | **वर्ष के दौरान व्यय** | **अन्तशेष राशि (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2011–12 | 2434600 | 114465 | 12917447 | 15466512 | 4855315 | 10611197 |
| 2012–13 | 10611197 | 457970 | 18769400 | 29838567 | 10179570 | 19658997 |
| | रोकड़ बही के अनुसार 31.3.2013 को अन्तशेष राशि (₹) | | | | | ₹19658997 |
| | बैंक खाता संख्या 15346 के अनुसार दिनांक 31.3.2013 को अन्तशेष राशि | | | | | ₹19670197 |
| | **अन्तर राशि** | | | | | **₹11200** |

**अन्तर का समाधानः—**

नगर परिषद द्वारा दिनाँक 31.3.2013 तक भुगतान हेतु चैक जारी किये है जो संस्था द्वारा रोकड़ बही से घटा दिये गये है परन्तु बैंक पास बुक में माह 2013 के बाद घटाये गये है।

| **क्र0सं0** | **चैक सं0** | **राशि** |
|---|---|---|
| 1 | 983624 | 7450 |
| 2 | 983625 | 3750 |
| | **योग राशि (₹)** | **11200** |

**5 अनुदानः—**

नगर परिषद बिलासपुर, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं अवधि 4/11 से 3/13 तक परिषद को विभिन्न विभागों संस्थाओं तथा शहरी विकास निदेशालय से प्राप्त अनुदान राशि की वित्तीय स्थिति निम्नलिखित है। अनुदान राशि का विस्तारपूर्वक विवरण इस प्रतिवेदन के परिशिष्ट (iv) में दिया गया है।

**(I) मुख्य रोकड़ बही के अनुसार अनुदान राशि विवरणः—**

| **वर्ष** | **प्रारम्भिक शेष** | **प्राप्त अनुदान राशि (₹)** | **कुल प्राप्त अनुदान राशि** | **वर्ष के दौरान व्यय** | **अन्तशेष राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| 2011—12 | 9002624 | 31299369 | 40301993 | 32885207 | 7416786 |
| 2012—13 | 7416786 | 45342757 | 52759543 | 45861878 | 6897665 |
| **(II तेरहवाँ वित्त आयोग अनुदान राशि विवरण)** | | | | | |
| 2011—12 | 2434600 | 12917447 | 15352047 | 4855315 | 10496732 |
| 2012—13 | 10496732 | 18769400 | 29266132 | 10179570 | 19086562 |
| | वर्ष 2011—12 से 2012—13 तक प्राप्त ब्याज की राशि | | | | (+) 572435 |
| | | **कुल अन्त शेष राशि (₹)** | | | **19658997** |

**5.1** नगर परिषद द्वारा प्रस्तुत वित्तीय स्थिति पैरा संख्या 4 में दिनाँक 31.3.2013 को रोकड़ बही का अन्तशेष ₹6289410 दर्शाया गया है जबकि पैरा संख्या 5 परिशिष्ट iv में दिनांक

31.3.2013 को अनुदान की राशि का अन्तशेष ₹6897665 दर्शाया गया है जो आपस में मेल नहीं खाते तथा विरोधात्मक है। अतः अनुदान की शेष राशि (6897665–6289470)=₹608255 का अन्य मदों पर अनियमित रूप से व्यय किया गया है। संकलित रूप से किन–2 मदों पर व्यय किया है का स्पष्ट अभिलेख अंकेक्षण में नहीं दर्शाया गया है यह अनियमित है जिसका औचित्य स्पष्ट किया जाए। ₹608255/– की प्रतिपूर्ति सम्बन्धित अनुदान में करने के पश्चात उपरोक्त अनुपयोगी पड़ी राशि को उसी उद्देश्य हेतु नियमानुसार समयवध व्यय किया जाए जिस उद्देश्य हेतु इसे सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया था अन्यथा राशि का प्रत्यर्पण सम्बन्धित विभाग को किया जाए।

## 5.2 अनुदान राशि ₹14.89 लाख के कार्यों को प्रारम्भ न करनाः–

नगर परिषद बिलासपुर द्वारा जारी विवरणानुसार 31.3.2013 को अनुदान राशि ₹1489691/– के कार्यों को शुरू नहीं किया गया था। अनुदान की राशि का पूर्ण विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट (V) में दिया गया है। अनुदान की यह राशि वर्ष 1995–96 से वर्ष 2010–11 तक विभिन्न मदों के तहत नगर परिषद को विभिन्न कार्यों को पूरा करने हेतु स्वीकृत हुई थी परन्तु नगर परिषद द्वारा इन कार्यों को प्रारम्भ नहीं किया गया। नगर परिषद द्वारा इन कार्यों को शुरू न करने का औचित्य स्पष्ट करें। अनुपयुक्त राशि को सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त करके उसी उद्देश्य हेतु व्यय किया जाए जिस उद्देश्य हेतु इसे प्राप्त किया गया था अन्यथा इस राशि को सम्बन्धित विभागों/संस्थाओं को नियमानुसार वापिस किया जाये।

## 6 ₹65.76 लाख के किराये व देय ब्याज की वसूली न करनाः–

नगर परिषद बिलासपुर की दुकानों, बूथों, स्टालों से दिनाँक 31.3.2013 को किराये की राशि संलग्न परिशिष्ट (vi) के अनुसार ₹6576345/– की वसूली हेतु शेष थी। इस राशि में अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार ब्याज की राशि ₹2894746/– सम्मिलित है। इस राशि की वसूली हेतु नगर परिषद द्वारा कोई ठोस कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई है जोकि अत्यन्त चिन्ता का विषय है। अतः मासिक किराये की राशि नियमित रूप से वसूल न करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 87 के अन्तर्गत कार्यवाही अमल में

लाई जाए तथा निश्चित समय अवधि के भीतर शेष राशि की वसूली करना सुनिश्चित किया जाए।

## 6.1 ₹53.59 लाख के शेष दुकानों का किराया, ब्याज की वसूली न होने पर दुकानों का खाली करने हेतु कोर्ट में लम्बित मामलेः–

नगर परिषद बिलासपुर के अंकेक्षण अवधि 4/2011 से 3/2013 तक के दौरान दुकानों के किराये व ब्याज के रूप में दिनाँक 31.3.2013 को संलग्न परिशिष्ट (vii) के अनुसार ₹5359858/– राशि की वसूली शेष थी। इस राशि में दुकानों के शेष किराये के रूप में ₹2750878/– राशि तथा ब्याज की शेष राशि ₹2608980/– सम्मिलित है। दिनांक 31.3.2013 को दुकानों के शेष किराये, ब्याज तथा दुकानों को खाली करने हेतु एस0डी0एम0 कोर्ट बिलासपुर में 11 मामले वसूली हेतु लम्बित है। आवश्यक कार्यवाही करने के पश्चात निर्णय से इस अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 6.2 दुकानों के किराये की बकाया राशि ₹7.81 लाख की वसूली न करनाः–

नगर परिषद बिलासपुर के अंकेक्षण अवधि 4/11 से 3/2013 तक किराया माँग व संग्रह (वसूली) रजिस्टर की जाँच करने पर पाया गया कि निम्नविवरणानुसार परिषद द्वारा विभिन्न दुकानदारों से ₹781643/–की वसूली अंकेक्षण अवधि के दौरान नहीं की गई यह अत्यन्त चिन्ता का विषय है जबकि परिषद द्वारा इन दुकानों को नामीनल दरों पर आबंटित करने के बावजूद भी दुकानदारों से बकाया राशि न वसूलने का औचित्य स्पष्ट करें तथा बकाया राशि की वसूली हेतु शीध्र अतिशीध्र नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाए।

**(I) (मीट मार्किट)**

| क्र0सं0 | दुकान/स्टाल नं0 | नाम दुकानदार | किराया प्रतिमाह (₹) | दिनाँक 31.3.2013 तक वसूली योग्य राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 34 | श्री जफर खान | 375 | 79764 |
| 2 | 7 | श्री माजिद मुहम्मद | 200 | 44241 |
| 3 | 9 | श्री बलदेव | 200 | 28074 |
| 4 | 2 | श्री कुलदीप कुमार | 500 | 23720 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **II मेन मार्किट (अप्पर)** | | | | |
| 5 | 5 | श्री जगदीश कुमार | 700 | 46647 |
| 6 | 7 | श्री मरचू राम | 700 | 57184 |
| 7 | 9 | श्री ललित कुमार | 400 | 21500 |
| **III मेन मार्किट (लोअर)** | | | | |
| 8 | 1 | श्री हेमन्त कुमार | 700 | 105871 |
| 9 | 2 | श्री सुनील कुमार | 700 | 143617 |
| 10 | 4 | श्री जितेन्द्र चोपड़ा | 700 | 93373 |
| 11 | 28 | श्री नरेंन्द्र सिंह | 770 | 53002 |
| **IV डियारा सैक्टर** | | | | |
| 12 | 4 | श्री नंद लाल | 3450 | 84650 |
| | | | **कुल राशि** | **₹781643** |

## 6.3 कामकाजी महिला आवास में रह रही महिलाओं से किराये ₹17334/– की वसूली न करनाः–

नगर परिषद बिलासपुर द्वारा सँचालित कामकाजी महिला आवास का दिनाँक 31.3.2013 तक किराये की राशि ₹17334/– वसूली हेतु शेष थी जिसका वर्णन निम्नानुसार है। इस राशि की वसूली सम्बन्धित महिलाओं से करके परिषद निधि में जमा करवाना सुनिश्चित करें।

| क्र0सं0 | नाम | कमरा नं0 | दिनाँक 31.3.2013 तक बकाया राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सुनीता कुमारी | 104 | 1100 |
| 2 | श्रीमती रचना कुमारी | 105 | 1100 |
| 3 | श्रीमती शकुन्तला देवी | 106 | 400 |
| 4 | श्रीमती सलोचना देवी | 108 | 300 |
| 5 | अभिलाषा कुमारी | 202 | 600 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | शीनम डोगरा | 203 | 600 |
| 7 | श्रीमती बीना कुमारी | 205 | 3900 |
| 8 | रीना कुमारी | 206 | 934 |
| 9 | निशा ठाकुर | 207 | 800 |
| 10 | भागों देवी | 208 | 800 |
| 11 | शिप्रा संगर | 209 | 2000 |
| 12 | मीरा बाई | 303 | 600 |
| 13 | सरोज देवी | 301 | 400 |
| 14 | रीना देवी | 304 | 1600 |
| 15 | भावना चौहान | 305 | 1600 |
| 16 | बीना देवी | 309 | 600 |
| | | **कुल योग राशि (₹)** | **17334** |

**7 विश्राम गृह, रैहन बसेरा व अन्य भवनों के किराये ₹2.47 लाख की वसूली न करनाः—**

अंकेक्षण अवधि 4/2011 से 3/2013 तक के दौरान आय से सम्बन्धित विभिन्न अभिलेखों की जाँच करने पर पाया गया कि निम्नविवरणानुसार नलवाड़ी मेले के दौरान उपायुक्त कार्यालय द्वारा अधिग्रहण किये गये परिषद विश्राम गृह, रैहन बसेरा व सामुदायिक भवनों के किराये ₹247100/— की वसूली शेष है।

अंकेक्षण में चर्चा के दौरान बताया गया कि राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला हर वर्ष 17 मार्च से 23 मार्च तक परिषद के विश्राम गृह, रैहन बसेरा तथा सामुदायिक भवनों का उपायुक्त कार्यालय द्वारा अधिग्रहण किये गये थे। इस अवधि के किराये का निम्नविवरणानुसार ₹247100/— का भुगतान प्रशासन बिलासपुर द्वारा नहीं किया गया। परिषद द्वारा इन भवनों के किराये की वसूली सम्बन्धी कोई भी अभिलेख अंकेक्षण मे ंप्रस्तुत नहीं किया गया। उपायुक्त कार्यालय सें किराये की वसूली न करने का औचित्य स्पष्ट करें तथा इस राशि की वसूली तुरन्त प्रशासन बिलासपुर से करके परिषद निधि में जमा करवाये अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाये।

| क्र0सं0 | अधिग्रहित/अधिग्रहण किये भवनों का विवरण | किराया राशि प्रतिदिन (₹) | मेला विवरण | राशि (₹) | अंकेक्षण अवधि (2 वर्ष) 4/11 से 3/13 तक वसूली योग्य राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रैहन बसेरा 3 कमरे | 250x3=750 | हर वर्ष 17 मार्च से 23 मार्च (7 दिन) | 7x750=5250 | 2x5250=10500 |
| 2 | रैहन बसेरा डोरमैटरी (13 कमरे) | 13x50=650 | —यथोपरि— | 7x650=4550 | 2x4550=9100 |
| 3 | विश्राम गृह (गरूद्वारा रोड)हाल बड़े 2 नं0 | 6500 प्रतिदिन 6500x2=13000 | 7 दिन | 7x13000=91000 | 2x91000=182000 |
| 4 | विश्राम गृह (गुरूद्वारा रोड) 3 कमरें | 250x3=750 | 7 दिन | 7x750=5250 | 2x5250=10500 |
| 5 | समुदायिक भवन हाल | 2500 प्रतिदिन | 7 दिन | 7x2500=17500 | 2x17500=35000 |
| | | | | **कुल राशि (₹)** | **247100** |

**8 हिमुडा कार्यालय से अनुपयुक्त राशि ₹689368/— की वसूली न करनाः—**

आई0डी0एस0एम0टी0 परियोजना के अन्तर्गत नगर परिषद बिलासपुर को पालिका बाजार के निर्माण के अन्तर्गत शॉंपिंग काम्पलैक्स बनवाने हेतु केन्द्रीय सहायता के अन्तर्गत ₹48/— लाख का राज्य भाग के अन्तर्गत ₹32 लाख तथा अन्य साधानों से ₹17 लाख अर्थात ₹97 लाख की राशि प्राप्त की गई। उपरोक्त प्राप्त की गई राशि में से निम्नानुसार उक्त निर्माण कार्य ₹83 लाख हेतु हिमुडा (HIMUDA) कार्यालय में जमा की गई है।

| वर्ष | जमा धनराशि |
|---|---|
| 2000 | 15 लाख |
| 2003 | 15 लाख |
| 2005 | 3 लाख |
| 2008 | 50 लाख |
| **कुल जोड़** | **83 लाख** |

अंकेक्षण को बताया गया कि हिमुडा द्वारा पार्किंग स्थल का निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया गया है तथा कार्यकारी अभियन्ता हिमुडा के पत्र संख्या HIMUDA/MD/AB/A-15/2011/4463-64 दिनाँक 12.9.11 द्वारा कुल ₹7610632 के उपयोगिता प्रमाण पत्र कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद कार्यालय बिलासपुर को भेजे गये है तथा शेष अनुपयुक्त राशि ₹689368 (8300000–7610632) की राशि हिमुडा से अभी तक प्राप्त नहीं की गई जिसका औचित्य स्पष्ट करते हुये शेष अनुपयुक्त पड़ी राशि को शीध्र वसूल करना सुनिश्चित किया जाए।

**(क) ₹11600000/– (एक करोड़ सोलह लाख रूपये) सी0ई0ओ0 हिमुडा कार्यालय में जमा करवाने के पश्चात भी निर्माण को आरम्भ न करना:–**

नगर परिषद बिलासपुर द्वारा आर0जी0यू0आर0एफ0 योजना के अन्तर्गत निदेशक शहरी विकास विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला के पत्र संख्या यू0डी0 एच(एफ)(10)–2005/आर0जी0यू0आर0एफ0–1144 दिनाँक 23.4.2008 के अन्तर्गत ₹16400000.00 स्वीकृत डी0पी0आर0 के अनुरूप निम्नलिखित कम्पोनेन्ट हेतु प्राप्त की गई।

| | |
|---|---|
| 1) बस स्टैन्ड के समीप पार्किंग के निर्माण हेतु | 11657350 |
| 2) कूड़ा कचरा प्रबन्धन हेतु | 4742650 |
| **जोड़** | **16400000** |

नगर पालिका द्वारा अपने प्रस्ताव संख्या 109 दिनाँक 10.6.12 द्वारा पार्किंग के निर्माण कार्य को करवाने हेतु ₹11600000/– (एक करोड़ सोलह लाख रूपये) (CEO-cum-Secretary) हिमुडा के कार्यालय में बैंक ड्राफ्ट संख्या 446206 दिनाँक 6.12.2012 द्वारा जमा की गई लेकिन उपरोक्त निर्माण कार्य हिमुडा द्वारा माह 3/11 तक आरम्भ नहीं किया गया है। राशि के जमा करने के एक साल से अधिक समय के पश्चात में कार्य आरम्भ न करना बहुत ही चिन्ताजनक है जिसका औचित्य स्पष्ट किया जाए निर्माण कार्य को अभिलम्ब पूर्ण करवाया जाए ताकि नागरिकों को समयबध सुविधा प्राप्त हो सके।

**(ख) निर्माण कार्य हेतु राशि जमा करवानें के पश्चात भी प्रस्तावित कार्य के निष्पादन न करने पर परिषद को ₹1365061/– ब्याज के सम्भावित वित्तीय हानि:–**

नियमों के अन्तर्गत किसी भी निर्माण कार्य के निष्पादन से पहले सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करने के पश्चात ही राशि जमा की जाती है। उपरोक्त पैरा संख्या 8 (क) में वर्णित

नगर परिषद बिलासपुर द्वारा अपने प्रस्ताव संख्या 109 दिनाँक 10.6.2012 द्वारा बस स्टैन्ड के पास पार्किंग के निर्माण हेतु ₹11600000/– (एक करोड़ सोलह लाख रूपये) बैंक ड्राफ्ट संख्या 446206 दिनाँक 6.12.2012 द्वारा सी0ई0ओ0 एवम सचिव हिमुडा के कार्यालय में जमा की गई परन्तु कार्य माह 6.12.2012 से माह 31.3.2014 तक निष्पादित/शुरू नहीं किया गया है जो बहुत ही आपत्तिजनक है जिससे न केवल लोगों को पार्किंग की सुविधा से वंचित रखा गया बल्कि परिषद को पार्किंग से होने वाली आय से वंचित होना पड़ा। अगर उपरोक्त राशि प्रचलित ब्याज दरो पर निवेशित भी रहती तो 9 प्रतिशत की दर से अवधि 31.3.2014 तक लगभग एक वर्ष तीन महीनों अर्थात पांच तिमाहियों पर निम्नानुसार ₹1365061/– ब्याज की राशि अर्जित की जानी थी।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पहली तिमाही | 400+9/400x1160000=11861000 |
| 2 | द्वितीय तिमाही | 400+9/400x11861000=12127873 |
| 3 | तृतीय तिमाही | 400+9/400x12127873=12400750 |
| 4 | चतुर्थ तिमाही | 400+9/400x12400750=12679767 |
| 5 | पांचवी तिमाही | 400+9/400x12679767=12965061 |

कुल अर्जित की जाने वाली ब्याज की राशि ₹12965061–₹11600000=₹1365061 अतः राशि जमा करवाने पर भी कार्य शुरू न करने पर परिषद को लाखों रूपये का नुकसान उठाना पड़ा है। इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए। यह प्रकरण परिषद के उच्च्व अधिकारियों के विशेष ध्यान में आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु लाया जाता है।

## 9 सीमेन्ट की पूर्ति नगर परिषद द्वारा विभागीय तौर पर न करनाः–

निम्न निर्माण कार्यों में सीमेन्ट का उपयोग संविदाकारों द्वारा स्त्तर पर ही किया गया जबकि निदेशक, शहरी विकास की पत्र संख्या यू0डी0 एच(एफ0)(10) 2/2005–9750–9808 दिनांक 6.9.2005 द्वारा परामर्श दिया गया था कि सीमेन्ट आदि की आपूर्ति संविदाकार को सम्बन्धित पालिका द्वारा अपने स्त्तर पर की जाए ताकि कार्य की गुणवता प्रभावित न हो लेकिन इन प्रकरणों में उपरोक्त निर्देशों के अनुसार अपेक्षित कार्यवाही नहीं की गई शहरी निदेशालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालना न करने बारे औचित्य स्पष्ट किया जाए यदि विभागीय तौर पर सीमेन्ट जारी किया जाता तो ₹584000/– (सीमेन्ट बैग जितने प्रयोग किये गये 8350 जितना प्रति बैग अधिक व्यय किया गया ₹70) की बचत की जा सकती थी। यह प्रकरण परिषद के उच्च्व अधिकारियों के विशेष ध्यान में आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु लाया जाता है।

| क्र0सं0 | वा0सं0 व माह | कार्य का नाम | संविदाकार का नाम | सीमेन्ट बैग की खपत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 5/11 | वार्ड नं0 में पुलिस थाना से निचले रास्ते पर रेलिंग का कार्य | श्री नरेन्द्र कुमार | 1 बैग |
| 2 | 5/11 | कालेज चौक बिलासपुर में वर्षा शालिका का निर्माण कार्य | श्री अच्छरू राम | 8 बैग |
| 3 | 6/11 | धौलरा से लखनपुर तक सड़क का निर्माण कार्य | श्री सन्जू कुमार | 48 बैग |
| 4 | 7/11 | डेरा में कुहल (drain) का निर्माण कार्य | श्री राज कुमार | 13 बैग |
| 5 | 7/11 | रोड़ा सैक्टर में स्टैप रेलिंग का निर्माण कार्य | श्री नरेन्द्र कुमार | 3 बैग |
| 6 | 7/11 | धौलरा से लखनपुर तक सड़क का निर्माण कार्य | श्री लेखा कुमार | 160 बैग |
| 7 | 7/11 | वार्ड नं0 3 में पार्क के विकास का निर्माण कार्य | –यथोपरि– | 12 बैग |
| 8 | 8/11 | धौलरा से लखनपुर तक सड़क का निर्माण कार्य | –यथोपरि– | 118 बैग |
| 9 | 8/11 | वार्ड नं0 8 में नाला का नौण में रास्ते का निर्माण कार्य | श्री सन्जू | 87 बैग |
| 10 | 8/11 | वार्ड नं0 10 में रास्ते की मुरम्मत का कार्य | श्री सन्जू | 38 बैग |
| 11 | 9/11 | वार्ड नं0 11 में बी0डी0ओ0 कार्यालय के समीप पार्किंग का निर्माण कार्य | श्री करतार सिंह | 172 बैग |
| 12 | 10/11 | वार्ड नं0 3 श्री दुर्गा मन्दिर में रास्ते का निर्माण कार्य | श्री सूर्या प्रकाश | 61 बैग |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 13 | 10/11 | वार्ड नं0 6 में सड़क की मुरम्मत का कार्य | श्री नरेन्द्र कुमार | 144 बैग |
| 14 | 10/11 | वार्ड नं0 2 श्री दुर्गा मन्दिर में पार्किंग का निर्माण कार्य | सन्जू कुमार | 257 बैग |
| 15 | 10/11 | वार्ड नं0 4 में प्रोटेक्शन वाल का निर्माण कार्य | नरेश कुमार | 49 बैग |
| 16 | 10/11 | वार्ड नं0 3 में पार्क के विकास का कार्य | नरेश कुमार | 16 बैग |
| 17 | 11/11 | वार्ड नं0 1 में पार्किंग का निर्माण कार्य | श्री करतार सिंह | 234 बैग |
| 18 | 11/11 | धौलरा गोपाल वेदी के घर के पास रीटेनिंग वाल का निर्माण कार्य | सन्जू कुमार | 67 बैग |
| 19 | 11/11 | वार्ड नं0 9 डेरा में पार्क के विकास का कार्य | स्ट्राईकर ब्रदर्ज | 25 बैग |
| 20 | 12/11 | वार्ड नं0 5 मेन मार्किट में सड़क की मुरम्मत का कार्य | प्रेम लाल | 267 बैग |
| 21 | 12/11 | जन्जधर से धौलरा तक रास्ते का निर्माण कार्य | राज कुमार | 41 बैग |
| 22 | 12/11 | वार्ड नं0 11 रास्ते की मुरम्मत कार्य | देविन्द्र सिंह | 66 बैग |
| 23 | 12/11 | कोसरियाँ में पानी के टैंक के समीप रास्ते का निर्माण कार्य | अच्छर सिंह | 81 बैग |
| 24 | 1/12 | वार्ड नं0 1 में रास्ते के साथ रेलिंग का निर्माण कार्य | नरेन्द्र कुमार | 25 बैग |
| 25 | 1/12 | कम्यूनीटी सैन्टर में रीटेनिंग वाल का निर्माण कार्य | हाकम चन्द | 134 बैग |
| 26 | 2/12 | वार्ड नं0 11 वी0डी0ओ0 कार्यालय के पास पार्किंग का | क्रतार सिंह | 77 बैग |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | निर्माण कार्य | | |
| 27 | 2/12 | वार्ड नं0 8 में रीटेनिंग वाल को मुरम्मत का कार्य | अच्छरू राम | 43 बैग |
| 28 | 2/12 | धौलरा से नाला का नौण में रीटेनिंग वाल का निर्माण कार्य | नैन सिंह (Nain Singh) | 149 बैग |
| 29 | 2/12 | धौलरा विश्राम गृह से हाऊसिंग बोर्ड तक सड़क की मुरम्मत का शेष कार्य | –यथोपरि– | 125 बैग |
| 30 | 2/12 | वार्ड नं0 10 में रीटेनिंग वाल का निर्माण कार्य | नरेश कुमार | 98 बैग |
| 31 | 2/12 | कोसरियाँ में रीटेनिंग वाल का निर्माण कार्य | पवन कुमार | 207 बैग |
| 32 | 2/12 | लुहणू के समीप रीटेनिंग वाल का निर्माण कार्य | प्रेम लाल | 77 बैग |
| 33 | 2/12 | वार्ड नं0 1 में रेलिंग का निर्माण कार्य | राज कुमार | 16 बैग |
| 34 | 2/12 | धौलरा रेस्ट हाऊस से हाऊसिंग बोर्ड कलौनी (Phase-I) में सड़क की मुरम्मत का कार्य | सन्जू | 293 बैग |
| 35 | 2/12 | वार्ड नं0 5 हनुमान मन्दिर में सड़क की मुरम्मत का कार्य | नरेन्द्र कुमार | 139 बैग |
| 36 | 3/12 | रोड़ सैक्टर वार्ड नं0 3 में रास्ते की मुरम्मत का कार्य | श्री सूर्य प्रकाश | 41 बैग |
| 37 | 3/12 | पुलिस लाईन के समीप रेलिंग का निर्माण कार्य | नरेन्द्र कुमार | 25 बैग |
| 38 | 3/12 | लुहणू से भरतपुर तक सड़क का निर्माण कार्य | अच्छरू राम | 156 बैग |
| 39 | 3/12 | वार्ड नं0 11 में रास्ते का निर्माण कार्य | प्रेम लाल | 281 बैग |

| | | |
|---|---|---|
| i | वर्ष 2011–12 के दौरान ठेकेदार द्वारा स्वयं खरीदे गये सीमेन्ट का प्रति बैग मूल्य | ₹300 |
| ii | वर्ष 2011–12 में सीविल सप्लाई से खरीदने पर प्रति बैग लागत 215 अन्तर 300–215= | ₹85 प्रति बैग |
| | अतः वर्ष 2011–12 में कार्य लागत में अनावश्यक बढ़ौतरी | 3857x85=327845 |

**(ख)** वर्ष 2012–13 में ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्यों में स्वयं उपलब्ध करवाकर खपत किये गये सीमेन्ट की लागत व विवरणः–

| **क्र0सं0** | **वा0सं0 व माह** | **कार्य का नाम** | **संविदाकार का नाम** | **सीमेन्ट बैग की खपत** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 4/12 | हाऊसिंग बोर्ड कलोनी के समीप रास्ते का निर्माण कार्य। | श्री सूर्या प्रकाश | 309 बैग |
| 2 | 4/12 | वार्ड नं0 10 में पठानिया के घर के समीप रीटिनिंग वाल का निर्माण कार्य। | श्री अच्छरू राम | 84 बैग |
| 3 | 4/12 | वार्ड नं0 4 में पुलिस वार्डन के समीप सड़क का निर्माण कार्य। | श्री गौरव सिंह | 23 बैग |
| 4 | 5/12 | सुमीत मेहता के घर के समीप रास्ते का निर्माण कार्य। | राज कुमार | 42 बैग |
| 5 | 5/12 | एन एच 21 चेत राम व दूसरों के घर से लखनपुर तक सड़क का निर्माण कार्य | राज कुमार | 184 बैग |
| 6 | 5/12 | वार्ड नं0 11 में रास्ते का निर्माण कार्य। | श्री रविन्द्र सिंह | 67 बैग |
| 7 | 6/12 | वार्ड नं0 10 में भूपेन्द्र के घर के समीप रिटेनिंग वाल | श्री नरेश कुमार | 86 बैग |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | का निर्माण कार्य। | | |
| 8 | 6 / 12 | वार्ड नं0 1 में पार्किंग का निर्माण कार्य। | श्री करतार सिंह | 200 बैग |
| 9 | 8 / 12 | जीत राम के घर के पास रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य। | श्री प्रम लाल | 46 बैग |
| 10 | 8 / 12 | वार्ड नं0 3 में गेट की मुरम्मत का निर्माण कार्य | श्री सूर्या प्रकाश | 32 बैग |
| 11 | 8 / 12 | वार्ड नं0 4 में रास्ते की मुरम्मत का निर्माण कार्य | सन्जू कुमार | 44 बैग |
| 12 | 9 / 12 | इन्डोर बाक्सिंग स्टेडियम बिलासपुर की मुरम्मत का कार्य। | राजेश कुमार | 6 बैग |
| 13 | 9 / 12 | वार्ड नं0 3 में रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य। | पवन कुमार | 126 बैग |
| 14 | 9 / 12 | टाऊन पलानिंग अधिकारी कार्यालय के कोर्टयार्ड में रेन हावेस्टींग टेंक का निर्माण कार्य। | नरेश कुमार | 18 बैग |
| 15 | 10 / 12 | कालेज चौक बिलासपुर के समीप रेन सेलटर का निर्माण कार्य। | श्री अच्छरू राम | 12 बैग |
| 16 | 10 / 12 | लखनपुर में अकरम के घर के समीप रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य। | नरेश कुमार | 54 बैग |
| 17 | 10 / 12 | वार्ड नं0 1 में LIC भवन के समीप रास्ते का साथ रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य। | मोहम्मद रफी | 48 बैग |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 18 | 10/12 | डयारा में ओम प्रकाश मेहता के घर के समीप रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य। | राज कुमार | 77 बैग |
| 19 | 10/12 | लखनपुर बिलासपुर में पुलिस लाईन के पास रास्ते के साथ रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य। | नरेश कुमार | 87 बैग |
| 20 | 10/12 | वार्ड नं0 10 में रोड़ के साथ रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य। | राजेश कुमार | 20 बैग |
| 21 | 10/12 | वार्ड नं0 3 में गेट की मुरम्मत का निर्माण कार्य | सूर्या प्रकाश | 12 बैग |
| 22 | 10/12 | वार्ड नं0 1 पुलिस थाना के समीप रेलिंग का निर्माण कार्य | नरेन्द्र | 23 बैग |
| 23 | 10/12 | वार्ड नं0 11 में हाऊसिंग बोर्ड कलौनी में रास्ते का निर्माण कार्य | देविन्द्र सिंह | 49 बैग |
| 24 | 10/12 | वार्ड नं0 11 में नानक राम के घर के समीप रास्ते की मुरम्मत का निर्माण कार्य (फेज–II) | देविन्द्र सिंह | 17 बैग |
| 25 | 11/12 | वार्ड नं0 8 में विभिन्न रास्तों व पोडियों की मुरम्मत का कार्य | अच्छरू राम | 24 बैग |
| 26 | 11/12 | वार्ड नं0 2 में रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य | हाक्कम चन्द | 51 बैग |
| 27 | 11/12 | टाऊन पलानिंग अधिकारी कार्यालय के कोटयार्ड में | नरेश कुमार | 396 बैग |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | रेन हारवेस्टिंग टैंक का निर्माण कार्य। | | |
| 28 | 11/12 | वार्ड नं0 10 में ओम प्रकाश मेहता के घर के पास रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य | राज कुमार | 83 बैग |

13th वित्तायोग से प्राप्त अनुदान की राशि से निर्माण में ठेकेदार द्वारा स्वयं उपलब्ध करवाये गये सीमेन्ट की खपत व लागत का ब्यौरा

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 29 | | धौलरा में लखनपुर तक सड़क का निर्माण कार्य। | नरेश कुमार | 457 बैग |
| 30 | 5/12 | वार्ड नं0 2 में वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में टायलेट क निर्माण कार्य। | नरेश कुमार | 21 बैग |
| 31 | 5/12 | धौलरा में लखनपुर तक सड़क का निर्माण कार्य | नरेश कुमार | 107 बैग |
| 32 | 5/12 | वार्ड नं0 10 में ड्रेन की मुरम्मत का कार्य। | सन्जू कुमार | 90 बैग |
| 33 | 6/12 | वार्ड नं0 10 व 11 में कलवर्ट (Culvart) के समीप Channalisation का कार्य | नरेश कुमार | 151 बैग |
| 34 | 6/12 | वार्ड नं0 10 में कलवर्ट (Culvart) के समीप रिटेनिंग वाल कार्य | नरेश कुमार | 53 बैग |
| 35 | 6/12 | लखनपुर में दलीप के मकान के समीप सड़क के साथ Drain का निर्माण कार्य | नरेश कुमार | 90 बैग |
| 36 | 6/12 | लखनपुर में अण्डन के मकान समीप ड्रेन का | प्रेम लाल | 38 बैग |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | निर्माण कार्य | | |
| 37 | 6/12 | वार्ड नं0 11 में इन्द्र कौण्डल के मकान के समीप Drain का निर्माण कार्य | प्रेम लाल | 95 बैग |
| 38 | 6/12 | रौड़ा बिलासपुर में मकान संख्या 116–117 के समीप Drain का निर्माण कार्य | राजेश कुमार | 113 बैग |
| 39 | 6/12 | वार्ड नं0 11 लखनपुर मीडल स्कूल के समीप ड्रेन का निर्माण कार्य | सन्जू कुमार | 140 बैग |
| 40 | 8/12 | वार्ड नं0 11 में Drain का निर्माण कार्य | प्रेम लाल | 36 बैग |
| 41 | 8/12 | वार्ड नं0 1 मकान नं0 44 के समीप Drain का निर्माण कार्य | श्राम लाल | 94 बैग |
| 42 | 8/12 | वार्ड नं0 4 में Drain का निर्माण कार्य | संजीव कुमार | 162 बैग |
| 43 | 8/12 | वार्ड नं0 8 में गर्ल स्कूल के समीप Drain का निर्माण कार्य | देव राज शर्मा | 44 बैग |
| 44 | 8/12 | वार्ड नं0 4 में कबर्ड ड्रेन का निर्माण कार्य | हाकम चन्द | 56 बैग |
| 45 | 8/12 | लड़कों के वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के गेट के पास ड्रेन का निर्माण कार्य | सन्जू कुमार | 22 बैग |
| 46 | 9/12 | वार्ड नं0 5 में अकरम के घर के समीप ड्रेन Drain का निर्माण कार्य | नरेश कुमार | 126 बैग |
| 47 | 9/12 | रौड़ा बिलासपुर आंगनबाड़ी | नरेश कुमार | 10 बैग |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | सैन्टर के समीप टायलेट का निर्माण कार्य | | |
| 48 | 10/12 | वार्ड नं0 10 व 11 के कलवर्ट के समीप चैनलाईजेशन का निर्माण कार्य | नरेश कुमार | 102 बैग |
| 49 | 10/12 | धौलरा बिलासपुर में सड़के के साथ Drain का निर्माण कार्य | राजेश कुमार | 50 बैग |
| 50 | 10/12 | खैरिया सड़क के साथ कलवर्ट व रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य | हाकम चन्द | 342 बैग |
| 51 | 10/12 | वार्ड नं0 7 में Drain का निर्माण कार्य | प्रेम लाल | 413 बैग |
| 52 | 10/12 | टी0आर0 बलोखड़ा के घर के साथ सड़क के समीप Drain का निर्माण कार्य | नरेश कुमार | 29 बैग |
| 53 | 10/12 | वार्ड नं0 9 में डेरा में पार्क के विकास का कार्य | स्ट्राईकर ब्रदर्ज | 21 बैग |
| 54 | 10/12 | वार्ड नं0 1 में बलदेव के घर के समीप Drain का निर्माण कार्य | राम लाल चौधरी | 31 बैग |
| 55 | 10/12 | वार्ड नं0 9 में Drain का निर्माण कार्य | अच्छरू राम | 404 बैग |
